साप्ताहिक वन लाइनर्स

8-14 जून 2022

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

8-14 जून 2022

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट दूसरे **सप्ताह** (8-14) जून **2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. कौन सी भारतीय दूरसंचार कंपनी, लद्दाख क्षेत्र में पैंगोंग झील के पास स्पैंगमिक गांव में 4G वॉइस और डेटा सेवाएं प्रदान करने वाली पहली कंपनी बनी__________**जियो।**

नोट:

- ➢ लद्दाख से लोकसभा सदस्य जमयांग सेरिंग नामग्याल ने स्पैंगमिक गांव में जियो मोबाइल टावर का उद्घाटन किया।
- ➢ यह शुरुआत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के अलावा क्षेत्र में पर्यटकों तथा सैनिकों को निर्बाध संपर्क प्रदान करने में मदद करेगा।

2. विश्व बैंक के हालिया पूर्वानुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2022-23) के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) विकास दर क्या होगी ___________**7.5%।**

नोट:

- ➢ विश्व बैंक ने दूसरी बार अपने GDP पूर्वानुमान में संशोधन किया है।
- ➢ अप्रैल 2022 में, विश्व बैंक ने पूर्वानुमान को 8.7% से घटाकर 8% कर दिया था।
- ➢ मई 2022 में, मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कैलेंडर वर्ष 2022 के लिए GDP पूर्वानुमान को 9.1% से घटाकर 8.8% कर दिया।

3. 8 जून, 2022 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा रेपो दर में संशोधन के बाद, वर्तमान रेपो दर_______**4.90%।**

नोट:

- ➢ इससे पहले, समिति ने मई में एक अनियत बैठक में दरों में 40 आधार अंक की वृद्धि की थी।
- ➢ RBI ने भी 2022-23 के लिए मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान को बढ़ाकर 6.7% कर दिया, जो पहले 5.7% था।

4. कौन सी वित्तीय सेवा कंपनी "एप्पल पे लेटर" सेवा संचालित करेगी, जिसे ऐप्पल द्वारा उपयोगकर्ताओं को खरीद मूल्य को विभाजित करने की सुविधा प्रदान करने हेतु लॉन्च किया जाएगा_________**मास्टरकार्ड।**

नोट:

- ➢ ऐप्पल पे लेटर उपयोगकर्ताओं को ऐप्पल पे पर की गई खरीदारी के मूल्य को बिना किसी ब्याज या विलंब शुल्क के छह सप्ताह में चार समान भुगतानों में विभाजित करने की सुविधा प्रदान करेगा।
- ➢ यह सेवा हर जगह उपलब्ध होगी, ऐप्पल पे को मास्टरकार्ड नेटवर्क का उपयोग करके ऑनलाइन या ऐप में स्वीकार किया जा सकता है।

5. भारतीय तेल निगम लिमिटेड तथा भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के साथ मिलकर निम्नलिखित में से किस बैंक ने को-ब्रांडेड कॉन्टेक्टलेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है_______ **एक्सिस बैंक।**

नोट:

- कार्ड की सुविधाएं: ईंधन अधिभार छूट, ईंधन खरीद पर कैशबैक, रिवॉर्ड प्वाइंट, क्विक सिनेमा टिकट छूट आदि।

6. किस नियामक संस्था ने लेह में माई पैड माई राइट कार्यक्रम शुरू किया _________ **नाबार्ड।**

नोट:

- यह कार्यक्रम नाबार्ड के नैब फाउंडेशन द्वारा साढ़े सात लाख रुपये की मशीनरी तथा सामग्री के साथ शुरू किया गया था।
- नाबार्ड ने विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की मांगों के अनुरूप सैनिटरी पैड बनाने हेतु मशीनरी को अपग्रेड करने के लिए एक लाख (अतिरिक्त) की मंजूरी भी दी है।

7. किस कंपनी ने जेवर में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नए हवाई अड्डे के निर्माण हेतु बोली जीती_________**टाटा प्रॉजेक्ट।**

नोट:

- टाटा प्रॉजेक्ट ने शापूरजी पालोनजी ग्रुप तथा लार्सन एंड टुब्रो को पछाड़ कर अनुबंध हासिल किया।
- टाटा ग्रुप की अवसंरचना तथा निर्माण शाखा टाटा प्रॉजेक्ट, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टर्मिनल, रनवे, एयरसाइड इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़कों, उपयोगिताओं, लैंडसाइड फैसिलिटी और अन्य इमारतों का निर्माण करेगी।

8. OECD के अनुसार, जून 2022 में विकास दर के संशोधन के बाद, 2022-23 के लिए भारत का आर्थिक विकास दर पूर्वानुमान क्या होगा _________**6.9%।**

नोट:

- OECD ने 2023 में भारत की विकास दर 6.2% रहने का भी अनुमान लगाया है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने देश की विकास दर 7.2% रहने का अनुमान लगाया है।
- RBI ने देश में बढ़ती मुद्रास्फीति को रोकने के लिए रेपो दर को 50 आधार अंक (bps) बढ़ाकर 4.9% कर दिया है।

9. RBI द्वारा सहकारी बैंकों के लिए व्यक्तिगत आवास ऋण की सीमा बढ़ाने के बाद, 100 करोड़ रुपये से कम मूल्यांकित निवल मूल्य वाले ग्रामीण सहकारी बैंकों के लिए व्यक्तिगत आवास ऋणों की नई सीमा _________ **50 लाख रुपये।**

नोट:

- टियर I/टियर II UCB की सीमा 30 लाख/70 लाख रुपये से संशोधित करके क्रमश: 60 लाख/140 लाख रुपये की गई है।
- RCB की सीमा बढ़ाई गई है:-
- 100 करोड़ से कम मूल्य वाले RCB के लिए 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये।
- अन्य RCB के लिए 30 लाख से बढ़ाकर 75 लाख रुपये।

10. निर्मला सीतारमण ने हाल ही में EASENext कार्यक्रम के अंतर्गत EASE 5.0 लॉन्च किया। EASE रिफॉर्म्स किन पर केंद्रित हैं__________**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक।**

नोट:

- EASE एजेंडा जनवरी 2018 में सरकार तथा PSB द्वारा संयुक्त रूप से लॉन्च किया गया था।
- यह भारतीय बैंक संघ के माध्यम से प्रमाणित किया गया था और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा तैयार किया गया था।
- EASE 1.0 रिपोर्ट ने NPA के पारदर्शी समाधान में PSB के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित किया।

11. रिटेल तथा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खरीदारी हेतु अपनी 'कार्डलेस EMI' सुविधा का विस्तार करने के लिए किस बैंक ने जेस्टमनी के साथ साझेदारी की है_________**ICICI बैंक।**

नोट:

- यह साझेदारी बैंक के उन लाखों ग्राहकों की क्षमता को बढ़ाती है जो जेस्टमनी का उपयोग करके उत्पादों/सेवाओं को तुरंत खरीदने के लिए पूर्व अनुमोदित कार्डलेस क्रेडिट का उपयोग कर सकते हैं और EMI में लागत पर ध्यान रख सकते हैं।
- ग्राहक केवल अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर, पैन तथा ओटीपी बताकर 10 लाख रुपये तक का लेनदेन EMI में बदल सकते हैं।

12. इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माता एथर एनर्जी ने अपने ग्राहकों को वाहन संबंधी वित्तपोषण प्रदान करने के लिए किस बैंक के साथ भागीदारी की है_________**भारतीय स्टेट बैंक।**

नोट:

- यह साझेदारी SBI से पूर्व-अनुमोदित ऋण प्रस्ताव प्राप्त एथर एनर्जी के ग्राहकों को 9.55 प्रतिशत वार्षिक से शुरू होने वाली न्यूनतम ब्याज दरों (ग्राहक क्रेडिट प्रोफाइल पर निर्भर) पर तत्काल ऋण प्राप्ति में सक्षम बनाएगी।
- वाहन ऋण SBI के योनो मोबाइल ऐप के साथ-साथ ऑफलाइन माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकता है।

13. किस बैंक ने अपनी KCC डिजिटल नवीनीकरण योजना शुरू की है, जिससे पात्र ग्राहक अपने किसान क्रेडिट कार्ड खातों को डिजिटल माध्यम से नवीनीकृत कर सकते हैं ________ **इंडियन बैंक।**

नोट:

- यह पहल 'WAVE' (वर्ड ऑफ एडवांस्ड वर्चुअल एक्सपीरियंस) के तहत बैंक के डिजिटल रूपांतरण का एक भाग है।
- खाते का नवीनीकरण इंडियन बैंक के इंडोएसिस मोबाइल ऐप तथा इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करके किया जा सकता है।

14. META4 ग्रुप किस देश की कंपनी है जिसने ज़हीराबाद, तेलंगाना में 250 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_________**UAE।**

नोट:

- MoU के अनुसार, तेलंगाना सरकार राष्ट्रीय निवेश एवं विनिर्माण क्षेत्र, जहीराबाद में रियायती दर पर 15 एकड़ भूमि प्रदान करेगी।
- META4 ने यह निवेश वोल्टली एनर्जी के माध्यम से किया है, जो उन्नत EV दोपहिया वाहन निर्माण करती है और ऊर्जा-कुशल EV चार्जिंग समाधान प्रदान करती है।

15. भारत FIH को कुल कितने मूल्य के प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (IPO) के लिए बाजार नियामक सेबी की मंज़ूरी मिली _________ **5,000 करोड़ रुपये।**

नोट:

- भारत FIH मोबाइल हैंडसेट उद्योग के लिए एक प्रमुख विनिर्माण सेवा प्रदाता FIH मोबाइल की एक सहायक कंपनी है, जो फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप का एक भाग है।
- कंपनी शाओमी और नोकिया के लिए डिवाइस बनाती है।

16. फिनटेक स्टार्टअप जिसने ग्रामीण भारत पर केंद्रित अपनी UPI सेवा लॉन्च की________**XPay.Life।**

नोट:

- उद्देश्य: ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए वित्तीय सुविधाओं को सुलभ बनाना।
- अपनी UPI सेवाएं शुरू करने से 15 से अधिक राज्यों तथा 1 लाख गांवों में XPay.Life के 4 मिलियन उपभोक्ताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।
- NABARD, NPCI और राज्य सरकार के साथ मिलकर XPay.Life सुदूरवर्ती संपर्क को सक्षम करके DB और भुगतान को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है।

17. देश भर में किसी भी ATM से रुपे-संचालित कार्ड का उपयोग करके नकद निकासी शुरू करने वाला पहला RBI लाइसेंस प्राप्त PPI _______ **ओमनी कार्ड।**

नोट:

- RBI द्वारा गैर-बैंक लाइसेंस प्राप्त संस्थाओं को डिजिटल वॉलेट से नकद निकासी में सक्षम करने की अनुमति देने के बाद यह पहल हुई है।
- ओमनीकार्ड उपयोगकर्ता कार्ड चोरी, कार्ड क्लोनिंग और पिन स्किमिंग जैसी धोखाधड़ी से पूरी सुरक्षा के साथ अपनी सुविधानुसार किसी भी ATM से नकदी निकाल सकते हैं।
- कंपनी इस सुविधा के लिए NPCI के साथ काम कर रही है।

18. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के अनुसार, 30 अप्रैल, 2022 तक भुगतान अवसंरचना विकास कोष (PIDF) योजना के तहत देश भर में कितने PoS, मोबाइल PoS और अन्य भौतिक उपकरणों को नियोजित किया गया था _________ **4.11 लाख से अधिक।**

नोट:

- इसके अलावा, 1,14,05,116 डिजिटल डिवाइस, जिनमें इंटर-ऑपरेबल QR कोड-आधारित भुगतान जैसे UPI QR, भारत QR भी हैं, को योजना के तहत नियोजित किया गया था।
- जनवरी 2021 से रिजर्व बैंक द्वारा परिचालित PIDF योजना, देश के टियर -3 से टियर -6 केंद्रों और पूर्वोत्तर राज्यों में प्वाइंट ऑफ सेल (PoS) अवसंरचना (भौतिक तथा डिजिटल मोड) के नियोजन के लिए सब्सिडी देती है।

19. फोनपे द्वारा जारी रिपोर्ट "डिजिटल पेमेंट इन इंडिया: ए $10 ट्रिलियन ऑपर्टूनिटी" के अनुसार, भारत का डिजिटल भुगतान बाजार कब तक वर्तमान के 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से तीन गुना बढ़कर 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है__________ **2026।**

नोट:

- भारत की अग्रणी डिजिटल भुगतान कंपनी, फोन पे ने बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (BCG) के सहयोग से, एक रिपोर्ट "डिजिटल पेमेंट इन इंडिया: ए $10 ट्रिलियन ऑपर्टूनिटी" जारी की है।
- इसके अनुसार वर्ष 2026 तक हर 3 में से 2 भुगतान लेनदेन डिजिटल भुगतान (गैर-नकद) में परिवर्तित हो जाएंगे।

20. किस पेमेंट्स बैंक ने बैंक ऐप के माध्यम से गोल्ड लोन देने के लिए मुथूट फाइनेंस के साथ साझेदारी की है_________ **एयरटेल पेमेंट्स बैंक।**

नोट:

- इस साझेदारी के साथ, एयरटेल पेमेंट्स बैंक के ग्राहक मुथूट फाइनेंस से शून्य प्रसंस्करण शुल्क के साथ परेशानी रहित गोल्ड लोन प्राप्त कर सकते हैं।

- ऋण पर कोई प्रसंस्करण शुल्क नहीं होगा और मुथूट फाइनेंस गिरवी रखे गए सोने के मूल्य का 75 प्रतिशत तक ऋण के रूप में प्रदान करेगा।
- यह साझेदारी उन ग्राहकों को सुरक्षित तथा किफायती ऋण प्रदान करेगी जो अपने सोने के लिए त्वरित नकदी की तलाश कर रहे हैं।

श्रद्धांजलियां

1. दो बार के ओलंपक तथा दो एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, हरि चंद का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे__________ **लंबी दूरी के धावक।**

नोट:

- हरि चंद ने 1978 बैंकाक एशियाड में 5000 तथा 10,000 मीटर का स्वर्ण जीता और सियोल में 1975 एशियाई चैंपियनशिप में 10,000 मीटर का खिताब भी जीता।

2. अनुभवी व्यावसायिक शख्सियत नोबुयुकी इदेई का हाल ही में निधन हो गया, वह किस कंपनी के पूर्व CEO थे_______ **सोनी।**

नोट:

- 1998 से CEO के रूप में अपने सात वर्षों के दौरान, श्री इदेई ने सोनी का एक वैश्विक कंपनी के रूप में विकास करने में बहुत बड़ा योगदान दिया। टोक्यो स्थित सोनी जापान के प्रमुख ब्रांडों में से एक है, जिसने दुनिया को वॉकमैन पोर्टेबल म्यूजिक प्लेयर दिया।

महत्वपूर्ण दिवस

1. विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_______ **8 जून।**

नोट:

- यह आपके मस्तिष्क में असामान्य कोशिकाओं की आधिक्यता या वृद्धि है। ब्रेन ट्यूमर दो प्रकार के होते हैं, कैंसर रहित (सुसाध्य) और कैंसरयुक्त (असाध्य)।
- यह दिवस ब्रेन ट्यूमर के रोगियों, उनके परिवारों तथा स्वास्थ्य पेशेवरों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

2. विश्व महासागर दिवस 2022 का विषय क्या है जो हर वर्ष 8 जून को मनाया जाता है_________ **Revitalization: collective action for the ocean।**

नोट:

- महासागरों के महत्व तथा दैनिक जीवन में उनकी भूमिका के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है।
- विश्व महासागर दिवस की अवधारणा पहली बार 1992 में रियो डी जनेरियो में अर्थ समिट में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रस्तावित की गई थी।

3. विश्व प्रत्यायन दिवस (WAD) हर वर्ष मनाया जाता है______ **9 जून।**

नोट:

- इसका उद्देश्य व्यापार को बढ़ाना तथा पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान जैसे उद्देश्यों को पूरा करना है। यह किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादन की समग्र गुणवत्ता में भी सुधार करता है।

- इस वर्ष विश्व प्रत्यायन दिवस 2022 का विषय "Accreditation: Sustainability in Economic Growth and the Environment"

4. हर वर्ष 8 जून को मनाए जाने वाले विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस 2022 का विषय________ **Together We Are Stronger**

नोट:

- विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस पहली बार 8 जून 2000 को जर्मन ब्रेन ट्यूमर एसोसिएशन (Deutsche Hirntumorhilfe e.V.) द्वारा मनाया गया था, जो ब्रेन ट्यूमर के रोगियों की सेवा तथा सहायता के लिए एक गैर-लाभकारी संगठन है।
- विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस 2022 का विषय "Together We Are Stronger"

5. अंतर्राष्ट्रीय अवर्णता जागरूकता दिवस 2022 का विषय ________ **United in making our voice heard.**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय अवर्णता जागरूकता दिवस (IAAD) प्रतिवर्ष 13 जून को मनाया जाता है, जो अवर्णता (albinism) से पीड़ित लोगों के मानवाधिकारों के महत्व को दर्शाता है।

6. विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2022 का विषय ________ **Universal Social Protection to End Child Labour.**

नोट:

- संयुक्त राष्ट्र दुनिया भर में बाल श्रम की कुप्रथाओं की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए हर वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने बाल श्रम के विरुद्ध इस वैश्विक मुद्दे से निपटने के लिए 2002 में इस दिवस की शुरुआत की थी।

7. संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अवर्णता जागरूकता दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_______**13 जून।**

नोट:

- यह दिवस अवर्णता से पीड़ित लोगों के मानवाधिकारों के महत्व को दर्शाता है।
- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने इस प्रस्ताव को अंगीकृत किया और अवर्णता पीड़ित लोगों के खिलाफ हमलों तथा भेदभाव की रोकथाम के लिए दृढ़तापूर्वक आगे आया।
- यह दिवस अवर्णता और इससे पीड़ित लोगों के मामले में लोगों को अतीत के खतरों तथा भविष्य के मार्ग की याद दिलाने का काम करता है।

8. विश्व रक्त दाता दिवस 2022 का विषय _______ **Donating blood is an act of solidarity.**

नोट:

- विश्व रक्तदाता दिवस हर वर्ष 14 जून को "रक्त आधान के लिए सुरक्षित रक्त तथा रक्त उत्पादों" की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।
- विश्व रक्तदाता दिवस 2022 का मेजबान देश मेक्सिको है।
- WHO ने 2004 में कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिवस 14 जून को WBD के रूप में मनाना शुरू किया और इसकी घोषणा की।

नई नियुक्तियां

1. अश्वनी भाटिया की जगह भारतीय स्टेट बैंक का प्रबंध निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया_________ **आलोक कुमार चौधरी।**

नोट:

- उन्होंने अश्विनी भाटिया की जगह ली, जिन्हें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था।
- वह ऋणदाता के खुदरा व्यापार एवं संचालन के लिए उत्तरदायी है।

2. अल्बानिया का नया राष्ट्रपति किन्हें चुना गया ________**बजराम बेगाज।**

नोट:

- इससे पहले, वह अल्बानियन आर्म्ड फोर्स (AAF) के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ थे।
- वे अल्बानिया के 8वें राष्ट्रपति हैं और सैन्य रैंकों से तीसरे राष्ट्रपति हैं।

3. अंतर्राष्ट्रीय एल्युमीनियम संस्थान का नया अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया _______ **सतीश पाई।**

नोट:

- उन्होंने बेन काहर्स की जगह ली, जो एल्कोआ कॉर्पोरेशन के मुख्य नवप्रवर्तन अधिकारी हैं।
- उन्होंने पहले शलम्बरगर के साथ काम किया था, जहां वे विश्व स्तर पर शलम्बरगर के संचालन का काम देखते थे।

4. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के एशिया एवं प्रशांत विभाग (APD) का निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया_______**कृष्ण श्रीनिवासन।**

नोट:

- वह चांगयोंग री की जगह लेंगे जिनकी IMF से सेवानिवृत्ति की घोषणा 23 मार्च को की गई थी।
- वह 1994 में अर्थशास्त्री कार्यक्रम में IMF में शामिल हुए।

5. प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का अतिरिक्त प्रभार किन्हें दिया गया_______**मयंक कुमार अग्रवाल।**

नोट:

- उन्होंने शशि शेखर वेम्पति की जगह ली, जो 2017 से इस पद पर कार्यरत थे।

6. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत लोकपाल किन्हें नियुक्त किया गया _______**एन.जे. ओझा।**

नोट:

- एक लोकपाल के पास मनरेगा कर्मचारियों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करने, उन पर विचार करने, शिकायत प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर फैसला सुनाने और स्थल निरीक्षण करने के निर्देश जारी करने की शक्ति है।

7. संयुक्त राष्ट्र महासचिव का प्रौद्योगिकी दूत किन्हें नियुक्त किया गया________ **अमनदीप सिंह गिल।**

नोट:

- अमनदीप सिंह गिल 2016 से 2018 तक जिनेवा में नि:शस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि रहे हैं।
- वे अब जिनेवा में ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड डेवलपमेंट स्टडीज में इंटरनेशनल डिजिटल हेल्थ एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च कोलैबोरेटिव (I-DAIR) प्रॉजेक्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

8. RBL बैंक का प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी किन्हें नियुक्त किया गया________**आर. सुब्रमण्यकुमार।**

नोट:

- सुब्रमण्यकुमार राष्ट्र द्वारा संचालित इंडियन ओवरसीज बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारी निदेशक हैं।
- दीवान हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के फाइनेंसर बोर्ड के हटाए जाने के बाद उसका प्रशासक नियुक्त किया गया था।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. जून 2022 में, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, डॉ. वीरेंद्र कुमार ने “SHRESHTA” योजना शुरू की। दूसरे 'S' का अर्थ है __________ **विद्यार्थी (Students)।**

नोट:

- योजना लक्षित क्षेत्रों में हाई स्कूल के विद्यार्थियों की आवासीय शिक्षा के लिए है।
- लक्षित क्षेत्रों में विद्यार्थियों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (SHRESHTA) अनुसूचित जाति के अत्यंत गरीब विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

2. किस भारतीय प्रबंधन संस्थान ने कृषि भूमि मूल्य सूचकांक विकसित करने के लिए एक कृषि भूमि ई-मार्केटप्लेस एसफार्म्स इंडिया के साथ समझौता किया ________ **IIM अहमदाबाद।**

नोट:

- सूचकांक को देश में कृषि भूमि की कीमतों पर "गुणवत्ता-नियंत्रित" डेटा रिकॉर्ड करने तथा प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है।
- सूचकांक बाजार कीमतों में उतार-चढ़ाव की निगरानी करेगा और मासिक आधार पर एक समग्र मूल्य निर्धारण तंत्र जारी करेगा।

3. बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो - 2022 का विषय क्या है, जिसका उद्घाटन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में किया था_________ **Biotech Startup Innovations: Towards AatmaNirbhar Bharat**

नोट:

- यह 2022 एक्सपो बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल (BIRAC) की स्थापना के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित की गई।
- 2022 एक्सपो का विषय ‘Biotech Startup Innovations: Towards AatmaNirbhar Bharat’

4. म्यूचुअल फंड पर 25-सदस्यीय सलाहकार समिति की अध्यक्षता किसने की, जिसे बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा पुनर्गठित किया गया था________ **ऊषा थोरट।**

नोट:

- पहले इस समिति में 24 सदस्य थे।
- उद्देश्य: सेबी को MF विनियमन तथा विकास से संबंधित समस्याओं पर और प्रकटीकरण आवश्यकताओं पर सलाह देना तथा विधिक ढांचे में बदलाव के लिए आवश्यक कदम उठाना।

5. किस भारतीय संस्थान को QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 में 155वां स्थान दिया गया _________**भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर।**

नोट:

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc) दुनिया के शीर्ष अनुसंधान विश्वविद्यालय के रूप में 155वें स्थान पर है, जिसका प्रति संकाय मापदंड उद्धरण में स्कोर 100 है।

➢ IIT बॉम्बे को 172वें स्थान पर रखा गया और IIT दिल्ली को 174वें स्थान पर रखा गया।

6. UNCTAD की वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट 2022 के अनुसार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के शीर्ष प्राप्तकर्ताओं में भारत का स्थान________**सातवां।**

नोट:

➢ भारत में FDI अंतर्वाह वर्ष 2021 में घटकर 45 बिलियन डॉलर रह गया, जो पिछले वर्ष 64 बिलियन डॉलर था।

7. प्रौद्योगिकी विकास कोष (TDF) योजना के अंतर्गत वित्त पोषण की बढ़ी हुई सीमा__________**50 करोड़ रुपये।**

नोट:

➢ यह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा क्रियान्वित है और MSME तथा स्टार्ट-अप द्वारा घटकों, उत्पादों, प्रणालियों तथा प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास में सहायता करता है।

8. NHAI ने अमरावती तथा अकोला जिलों के बीच 105 घंटे 33 मिनट में 75 किमी राजमार्ग बनाने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया। यह किस राष्ट्रीय राजमार्ग का भाग है_________**NH53।**

नोट:

➢ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने महाराष्ट्र में अमरावती तथा अकोला जिलों के बीच 105 घंटे 33 मिनट में 75 किलोमीटर की सबसे लंबी संतत बिटुमिनस लेन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

9. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) ने किसके तहत 'CiSS एप्लिकेशन' लॉन्च किया________ **बाल स्वराज पोर्टल।**

नोट:

➢ इसे देखभाल तथा सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों की ऑनलाइन तथा डिजिटल समयोचित निगरानी तंत्र के लिए लॉन्च किया गया है।

10. नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विस डिलीवरी असेस्मेंट 2021 (NeSDA 2021) का दूसरा संस्करण कितने क्षेत्रों में सेवाओं को कवर करता है__________**7 क्षेत्र।**

नोट:

➢ केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विस डिलीवरी असेस्मेंट 2021 (NeSDA 2021) का दूसरा संस्करण जारी किया है।

➢ यह 7 क्षेत्रों: वित्त, श्रम तथा रोजगार, शिक्षा, स्थानीय शासन एवं उपयोगिता सेवाएं, समाज कल्याण, पर्यावरण और पर्यटन क्षेत्र में सेवाओं को कवर करता है।

11. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां पर भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) के मुख्यालय का उद्घाटन किया__________ **अहमदाबाद।**

नोट:

➢ IN-SPACe की स्थापना की घोषणा जून 2020 में की गई थी।

➢ यह अंतरिक्ष विभाग में सरकारी तथा निजी दोनों संस्थाओं की अंतरिक्ष गतिविधियों के संवर्धन, प्रोत्साहन और विनियमन के लिए एक स्वायत्त तथा सिंगल विंडो नोडल एजेंसी है।

12. भारत सरकार ने कितने वर्षों की शॉर्ट-सर्विस के लिए रक्षा सैनिकों की भर्ती हेतु अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना शुरू की है__________ **4 वर्ष।**

नोट:

➢ यह योजना शॉर्ट-सर्विस के लिए अधिक सैनिकों को शामिल करने की सुविधा प्रदान करेगी।

- ➢ यह योजना नियोजित हो चुकी है और इसे सैन्य विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
- ➢ इस योजना के तहत, उम्मीदवार रक्षा बलों में शामिल होंगे और केवल चार वर्ष की अवधि के लिए काम करेंगे।

13. कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत में 200+ स्थानों पर प्रधान मंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेले का आयोजन करेगा। भारत के वर्तमान कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री हैं _________ **धर्मेंद्र प्रधान।**

नोट:

- ➢ कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय अब हर महीने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेले का आयोजन करेगा।
- ➢ उद्देश्य: युवाओं को कॉरपोरेट्स के भीतर प्रशिक्षण के अधिक अवसर प्रदान करना और रोजगार पाने का एक मौका देना।

14. केंद्र सरकार ने 2022-23 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से देश भर में कितने आकांक्षी तथा अधिक बोझ वाले जिलों में पोषणयुक्त चावल वितरित करने का निर्णय लिया है__________**291।**

नोट:

- ➢ सरकार ने इस चरण के दौरान 175 लाख MT पोषणयुक्त चावल उपलब्ध कराने की योजना बनाई है।
- ➢ सभी एकीकृत बाल विकास सेवा केंद्र, पीएम - पोषण और मिड-डे मील स्कूलों को कवर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- ➢ 2021-22 के दौरान, लगभग 17 लाख MT पोषणयुक्त चावल ICDS तथा पीएम-पोषण के तहत वितरित किए गए हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य सरकार ने ब्लू ड्यूक (बस्सारोना दुर्गा) को राज्य तितली घोषित किया_________ **सिक्किम।**

नोट:

- ➢ वन विभाग द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन सर्वेक्षण में 57% मत हासिल करने के बाद ब्लू ड्यूक को राज्य तितली चुना गया था।
- ➢ यह राज्य में 1858 में खोजी गई थी।

2. किस राज्य सरकार ने कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी ज्ञान कौशल प्रदान करने के लिए नालया थिरन कार्यक्रम शुरू किया ________ **तमिलनाडु।**

नोट:

- ➢ इस कार्यक्रम के अंतर्गत, सरकार लगभग 50,000 कॉलेज विद्यार्थियों को कंप्यूटर विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी क्षेत्र के ज्ञान से प्रशिक्षित करेगी, उन्हें प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके समस्या-समाधान पर कौशल प्रदान करेगी।

3. किस राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों की रिपोर्ट करने के लिए '14400 ऐप' लॉन्च किया _________ **आंध्र प्रदेश।**

नोट:

- ➢ यह ऐप भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) द्वारा विकसित किया गया है।
- ➢ इस ऐप की मदद से लोग राज्य में अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

4. भारत के किस तटीय राज्य ने समुद्र तटों (बीचों) के प्रबंधन तथा पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'बीच विजिल ऐप' लॉन्च किया ___________ **गोवा।**

नोट:

- इस एप से बीच पर्यटन क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं तथा पर्यटकों को लाभ होगा।
- इस ऐप की मदद से दृष्टि कार्यकर्ता, पुलिस तथा अन्य हितधारक पर्यटकों के हितों की रक्षा के लिए मुद्दे उठा सकते हैं।
- राज्य सरकार की योजना 2025 तक एशिया में स्टार्ट-अप के लिए शीर्ष 25 गंतव्यों में तटीय राज्य बनाने की भी है।

5. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के चौथे राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (बड़े राज्य की श्रेणी में) में कौन सा राज्य पहले स्थान पर है __________ **तमिलनाडु।**

नोट:

- उद्देश्य: पांच मानकों में राज्यों के प्रदर्शन को मापना।
- तमिलनाडु बड़े राज्यों की सूची में शीर्ष पर है, उसके बाद गुजरात तथा महाराष्ट्र हैं।
- छोटे राज्य: गोवा (पहला) उसके बाद मणिपुर और सिक्किम।
- केंद्र शासित प्रदेश: जम्मू और कश्मीर, दिल्ली तथा चंडीगढ़।

6. किस राज्य में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने "धरोहर - राष्ट्रीय सीमा शुल्क एवं GST संग्रहालय" का उद्घाटन किया_________ **गोवा।**

नोट:

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पणजी, गोवा में "धरोहर - राष्ट्रीय सीमा शुल्क एवं GST संग्रहालय" का उद्घाटन किया।
- यह एक दो मंजिला 'नीली इमारत' है, जिसे पहले गोवा में पुर्तगाली शासन के दौरान अल्फांडेगा के नाम से जाना जाता था और 400 से अधिक वर्षों से पणजी में मंडोवी नदी के तट पर स्थित है।

7. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में जगतगुरु श्रीसंत तुकाराम महाराज शिला मंदिर का उद्घाटन किया _________**महाराष्ट्र।**

नोट:

- उन्होंने पुणे के निकट देहू में जगतगुरु श्रीसंत तुकाराम महाराज शिला मंदिर का उद्घाटन किया।
- देहु शहर को 17वीं शताब्दी से प्रसिद्ध कवि तथा भगवान विट्ठल के उपासक जगद्गुरु संत तुकाराम महाराज द्वारा पवित्र किया गया है।

8. ड्रोन नीति को मंजूरी देने वाला पहला भारतीय राज्य _________ **हिमाचल प्रदेश।**

नोट:

- मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने 'हिमाचल प्रदेश ड्रोन नीति 2022' को मंजूरी दी। नीति में गवर्नेंस एंड रिफॉर्म्स यूजिंग ड्रोन्स (GARUD) की नींव पर निर्मित एक समग्र ड्रोन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की परिकल्पना की गई है।
- इस नई ड्रोन नीति के साथ, हिमाचल प्रदेश ड्रोन के सार्वजनिक उपयोग को औपचारिक रूप से स्वीकार करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. यूरोपीय संसद के सदस्यों ने किस वर्ष तक नई पेट्रोल तथा डीजल कारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए मतदान किया_________**2035।**

नोट:

- उद्देश्य: जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ना।
- यूरोपीय संघ असेंबली ने अगले दशक के मध्य तक कार निर्माताओं को कार्बन-डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 100% की कटौती करने की आवश्यकता को देखते हुए स्ट्रासबर्ग, फ्रांस में मतदान किया।
- इस आदेश से यूरोपीय संघ के देशों में गैसोलीन द्वारा संचालित नई कारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगेगा।

2. जून 2022 में किस देश को संयुक्त राष्ट्र से 48 मिलियन डॉलर की मानवीय सहायता प्राप्त होगी__________**श्रीलंका।**

नोट:

- भारत खाद्य पदार्थ, ईंधन, रसोई गैस तथा दवाओं सहित आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए जनवरी से अब तक 3 बिलियन डॉलर से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान कर चुका है।
- श्रीलंका को अगले छह महीनों के लिए देश को स्थिर रखने के लिए 6 बिलियन डॉलर की आवश्यकता है, जिसमें दैनिक जीवन-यापन सुनिश्चित करने के लिए 5 बिलियन डॉलर और श्रीलंकाई रुपये को मजबूत करने के लिए 1 बिलियन डॉलर की आवश्यकता है।

3. कौन सा देश विशेष आसियान विदेश मंत्री बैठक 2022 की मेजबानी करेगा_________ **भारत।**

नोट:

- यह नई दिल्ली में भारत द्वारा आयोजित पहली बैठक होगी।
- आसियान सदस्य: ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम।

4. UNCTAD की वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट 2022 के अनुसार कौन सा देश शीर्ष FDI प्राप्तकर्ता है_________**अमेरिका।**

नोट:

- गुरुवार को जारी अपनी नवीनतम वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट में, UNCTAD ने कहा कि भारत में FDI अंतर्वाह 2021 में घटकर 45 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष में 64 बिलियन डॉलर था।
- जबकि अमेरिका (367 बिलियन डॉलर) शीर्ष FDI प्राप्तकर्ता बना रहा, चीन (181 बिलियन डॉलर) तथा हांगकांग (141 बिलियन डॉलर) ने भी क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

5. किस संगठन ने बहुभाषावाद पर भारत-प्रायोजित प्रस्ताव अंगीकृत किया है जिसमें पहली बार हिंदी भाषा का उल्लेख किया गया है_________**UNGA।**

नोट:

- प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र से हिंदी सहित आधिकारिक तथा अनधिकारिक दोनों भाषाओं में महत्वपूर्ण संप्रेषण तथा संदेश का प्रसार जारी रखने का आग्रह किया गया है।

6. बारहवां WTO मंत्रिस्तरीय सम्मेलन कहां आयोजित किया जा रहा है____________ **जिनेवा, स्विट्जरलैंड।**

नोट:

- बारहवां WTO मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 12 से 15 जून 2022 तक जिनेवा, स्विट्जरलैंड में आयोजित किया जा रहा है।
- मुख्य क्षेत्र: महामारी पर WTO की प्रतिक्रिया, मत्स्यपालन सब्सिडी वार्ता और खाद्य सुरक्षा के लिए पब्लिक स्टॉकहोल्डिंग सहित कृषि समस्याएं।

7. किस देश ने चंद्रमा का एक नया भूवैज्ञानिक मानचित्र जारी किया है, जिसके बारे में देश का कहना है कि यह अब तक का सबसे विस्तृत विवरण है________ **चीन।**

नोट:

- नया मानचित्र, जिसमें पूर्व में नहीं दर्शाए गए क्रेटर तथा संरचनाओं का विवरण है, चंद्रमा के भविष्य के शोध में सहायता करेगा।
- USGS एस्ट्रोजियोलॉजी साइंस सेंटर ने पहली बार 2020 में नासा तथा लूनर प्लैनेटरी इंस्टीट्यूट के सहयोग से चंद्रमा की संपूर्ण सतह का मानचित्रण तथा वर्गीकरण किया था।

8. अल सल्वाडोर के बाद, बिटकॉइन को अपनी आधिकारिक मुद्रा के रूप में अपनाने वाला दुनिया का दूसरा देश________ **मध्य अफ्रीकी गणराज्य (CAR)।**

नोट:

- CAR बिटकॉइन को कानूनी निविदा के रूप में अपनाने वाला अफ्रीका का पहला देश है।
- यह कदम मध्य अफ्रीकी गणराज्य को दुनिया के सबसे साहसी और सबसे दूरदर्शी देशों के मानचित्र पर लाता है।
- वर्तमान में, यह देश अफ्रीका में अधिकांश अन्य पूर्व फ्रांसीसी उपनिवेशों के साथ, अपनी मुद्रा के रूप में फ्रांस समर्थित CFA फ्रैंक का उपयोग करता है।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. MTV मूवी एंड टीवी अवार्ड में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड किन्हें मिलेगा ________ **जेनिफर लोपेज़।**

नोट:

- MTV मूवी एंड टीवी अवार्ड्स उन अभिनेताओं को सम्मानित करता है जिन्होंने फिल्म तथा टीवी उद्योग दोनों में विविध योगदान दिया है तथा घर-घर प्रसिद्ध हैं।
- वैनेसा हजेंस जनरेशन अवार्ड्स की मेजबानी करेंगी।
- जेनिफर लोपेज को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलेगा।

2. संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट (UNGC) द्वारा जल प्रबंधन के लिए वैश्विक सतत विकास लक्ष्य (SDG) अग्रणी किन्हें चुना है _________ **रामकृष्ण मुकाविल्ली।**

नोट:

- संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पेक्ट ने कॉरपोरेट लीडर दस नए SDG अग्रणियों को नामित किया है, जो संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट के मानवाधिकार, पर्यावरण, श्रम तथा भ्रष्टाचार निरोधक दस सिद्धांतों को लागू करके सतत विकास लक्ष्यों (SDG) को विकसित करने में उत्कृष्ट हैं।

3. किस संस्थान को WHO द्वारा क्षेत्रीय निदेशक विशेष मान्यता पुरस्कार से सम्मानित किया गया_______ **रिसोर्स सेंटर फॉर टोबैको कंट्रोल, PGIMER।**

नोट:

- WHO ने चंडीगढ़ में पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGIMER) में सामुदायिक चिकित्सा विभाग एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य स्कूल के रिसोर्स सेंटर फॉर टोबैको कंट्रोल (e-RCTC) को क्षेत्रीय निदेशक विशेष मान्यता पुरस्कार से सम्मानित किया है।

4. HSNC विश्वविद्यालय के पहले विशेष दीक्षांत समारोह में किन्हें डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया_______ **रतन टाटा।**

नोट:

- HSNC विश्वविद्यालय को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार और HSNC बोर्ड के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित किया गया था।

- यह मुंबई शहर का दूसरा क्लस्टर विश्वविद्यालय है।

खेल समाचार

1. भारतीय निशानेबाज, अवनि लेखरा ने फ्रांस में 2022 पैरा शूटिंग विश्व कप की किस श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता __________**10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1।**

   नोट:
   - उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 में 250.6 का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया।
   - पोलैंड की एमिलिया बाबस्का ने कुल 247.6 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि स्वीडन की अन्ना नॉर्मन ने कांस्य पदक जीता।

2. खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 का चौथा संस्करण कितने स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है _________ **पांच।**

   नोट:
   - कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया।
   - KIYG भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल का प्रमुख कार्यक्रम है।
   - KIYG 2021 में भारत के 37 राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश भाग लेंगे।
   - पंचकुला, अंबाला, शाहाबाद, चंडीगढ़ तथा दिल्ली में 25 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएंगे।

3. किस देश को हराने के बाद, भारत ने स्विट्जरलैंड के लुसाने में पहली FIH हॉकी 5s चैंपियनशिप का फाइनल जीता__________**पोलैंड।**

   नोट:
   - भारत ने फाइनल तक के रास्ते में तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ पांच टीमों की लीग स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया और अजेय रिकॉर्ड के साथ अपने अभियान का समापन किया।
   - इससे पहले भारत ने दिन के दूसरे मैच में पोलैंड को 6-2 से हराने से पहले मलेशिया को 7-3 से हराया।

4. किस भारतीय महिला क्रिकेटर ने 8 जून, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की________ **मिताली राज।**

   नोट:
   - उन्होंने 232 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 50.68 की औसत से 7,805 रन बनाए हैं।
   - उन्होंने जून 1999 में आयरलैंड के खिलाफ ODI क्रिकेट में पदार्पण किया।
   - वह पहली तथा एकमात्र महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने तीनों प्रारूपों में 350 से अधिक मैचों में 10,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए हैं।

5. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा लॉन्च 44वें शतरंज ओलंपियाड के आधिकारिक शुभंकर का नाम _________**थम्बी।**

   नोट:
   - यह शतरंज के घोड़े के रूप में पारंपरिक तमिल पोशाक वेष्टी (धोती) एवं शर्ट पहने हुए हाथ जोड़कर खड़ा है, जो स्पष्टत: तमिल अभिवादन 'वणक्कम' को दर्शाता है।

6. IWF यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2022 में पुरुषों की 55 किलोग्राम स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता ________ **सानापथि गुरुनायडू।**

   नोट:

- भारतीय भारोत्तोलक सानापथि गुरुनायडू ने मेक्सिको में IWF युवा विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 55 किग्रा स्पर्धा में कुल 230 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

7. चैटॉरौक्स 2022 विश्व कप में स्वर्ण पदक किसने जीता__________ **अवनि लेखरा।**

नोट:

- टोक्यो पैरालिंपियन ने R8 स्पर्धा- महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन SH1 में 458.3 के स्कोर के साथ जीत हासिल की।
- उन्होंने स्लोवाकिया की वेरोनिका वैडोविकोवा को हराकर यह खिताब और भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता।

8. वह भारतीय ग्रैंडमास्टर जिसने नॉर्वे शतरंज ग्रुप A ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीता _________ **आर. प्रगानंनधा।**

नोट:

- शीर्ष वरीयता प्राप्त 16 वर्षीय ग्रैंडमास्टर अच्छी फॉर्म में थे और नौ राउंड तक अपराजित रहे।
- उन्होंने एक इंटरनेशनल मास्टर हमवतन साथी वी. प्रणीत पर जीत के साथ टूर्नामेंट का समापन किया।

9. मनप्रीत कौर किस खेल से संबंधित हैं जिन्होंने चेन्नई में अंतर्राज्यीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया __________ **शॉट पुट (गोला फेंक)।**

नोट:

- उनके नाम पर 17.96 मीटर का पिछला रिकॉर्ड दर्ज है।
- मनप्रीत इससे पहले 2017 में गेंद को एशियन जीपी में 18.86 मीटर दूर फेंका था।
- मनप्रीत कौर ने हाल ही में 4 वर्ष के डोपिंग प्रतिबंध के बाद वापसी की है।

10. खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 के चौथे संस्करण में कौन सा राज्य चैंपियन बना _________ **हरियाणा।**

नोट:

- 52 स्वर्ण, 39 रजत तथा 46 कांस्य पदक के साथ हरियाणा पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।
- जबकि महाराष्ट्र 45 स्वर्ण, 40 रजत तथा 40 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर रहा।
- कर्नाटक 22 स्वर्ण, 17 रजत तथा 28 कांस्य के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

11. अनीश गौड़ा किस खेल से संबंधित हैं जिन्होंने चौथे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में सर्वाधिक (छह स्वर्ण पदक) पदक जीते__________ **तैराकी।**

नोट:

- महाराष्ट्र की तैराक अपेक्षा फर्नांडीस तथा जिमनास्ट संयुक्ता काले दोनों ने खेलों में पांच-पांच स्वर्ण पदक जीते।
- चौथे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में मेजबान राज्य हरियाणा चैंपियन बना।

12. अज़रबैजान फॉर्मूला वन ग्रैंड प्रिक्स 2022 किसने जीती_______ **मैक्स वेर्स्टाप्पेन।**

नोट:

- वह रेड बुल में अब तक के सबसे सफल ड्राइवर बने।
- रेड बुल के सर्जियो पेरेज़ दूसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे।

13. स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर ऐक्सलसन किस देश से संबंधित हैं जिन्होंने BWF इंडोनेशिया मास्टर्स 2022 में पुरुष एकल खिताब जीता__________**डेनमार्क।**

नोट:

- ऐक्सलसन (डेनमार्क) ने ताइवान के चाउ टिएन-चेन को सीधे सेटों में हराया।
- जबकि चेन युफेई (चीन) ने थाईलैंड की रैचानॉक इंथानॉन को हराया।

- चेन के लिए, जकार्ता में जीत टोक्यो 2020 खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली व्यक्तिगत टूर्नामेंट जीत है।

पुस्तकें एवं लेखक

1. किस संस्थान ने पुस्तक 'बिजनेस ऑफ स्पोर्ट्स: द विनिंग फॉर्मूला फॉर सक्सेस' का विमोचन किया ________**इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट।**

नोट:

- इसके लेखक विनीत कार्णिक हैं और इसे पॉपुलर प्रकाशन के बैनर तले प्रकाशित किया गया है।

विज्ञान एवं रक्षा

1. INS निशंक को किस वर्ष में कमीशन किया गया था, जिसे 4 जून, 2022 को भारतीय नौसेना द्वारा सेवामुक्त कर दिया गया________**1989।**

नोट:

- ये दोनों जहाज ऑपरेशन तलवार तथा ऑपरेशन पराक्रम में भी शामिल थे।
- जहां हाई-स्पीड मिसाइल क्राफ्ट INS निशंक को 12 सितंबर 1989 को कमीशन किया गया था, तो INS अक्षय को एक वर्ष बाद 10 दिसंबर 1990 को पोटी, जॉर्जिया में कमीशन किया गया था।

2. नासा शुक्र के अप्रिय वातावरण का अन्वेषण करने के लिए किस वर्ष तक "डेविन्सी मिशन" लॉन्च करेगा ________**2029।**

नोट:

- मिशन 2029 में शुक्र के लिए रवाना होगा और इसके अप्रिय वातावरण का अन्वेषण करेगा। यह फ्लायबाय और अवरोहण दोनों के माध्यम से शुक्र का अध्ययन करने वाला पहला मिशन होगा। अंतरिक्ष यान द्वारा शुक्र ग्रह के स्तरित वातावरण का पता लगाने की संभावना है।
- यह जून 2031 तक शुक्र की सतह पर पहुंच जाएगा। मिशन शुक्र के बारे में जानकारी प्राप्त करेगा, जिसे वैज्ञानिक 1980 के दशक की शुरुआत से मापने की कोशिश कर रहे हैं।

3. भारत किस वर्ष में पहला मानव महासागर मिशन शुरू करेगा________ **2023।**

नोट:

- भारत के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी; पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत 2023 में पहले मानव अंतरिक्ष मिशन "गगनयान" के साथ-साथ पहला मानव महासागर मिशन लॉन्च करने का अनूठा गौरव हासिल करेगा।

--------------0--------------

BYJU'S EXAM PREP

Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card